प्रांतपाल सीएम बिरला ने रोटरी क्लब पदाधिकारियों का नौ अवार्डस् प्रदान कर सम्मानित किया

माई झुं. 30 जून। रोटरी क्लब झुंझुनूं सिटी ने विभिन्न सेवा कार्यों के दम पर वर्ष 2008-09 के कुल अवार्डस् में से नौ पर अपना अधिकार जमाया। सोमवार को राजधानी जयपुर स्थित रवीन्द्र मंच पर आयोजित एक कार्यक्रम में प्रांतपाल सीएम बिरला ने क्लब पदाधिकारियों को अवार्डस् प्रदान कर सम्मानित किया। क्लब सचिव ने बताया कि अच्छे सेवा कर्यों के लिए झुंझुनूं क्लब पदाधिकारियों को प्रांतपाल बिरला ने आरआई प्रेसिडेंट सायटेशन अवार्ड, डिस्ट्रिक्ट गर्वनर सायटेशन अवार्ड सौंपे गए। व्यक्तिगत पुरस्कारों में क्लब अध्यक्ष सत्येन्द्र चौधरी को आउटस्टेण्डिंग प्रेसिडेंट एवं फ्रेन्डस् ऑफ फाउण्डेशन अवार्डस् दिए गए। क्लब सचिव डॉ. जितेन्द्र स्वामी को आउटस्टेण्डिंग सेकेट्री एवं फ्रेन्डस् ऑफ फाउण्डेशन, डॉ. एसएन शुक्ला व अशोक सोनी को एप्रिशिएशन सायटेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। क्लब की इस उपलब्धि पर क्लब सदस्य खुश एवं उत्साहित नजर आ रहे हैं। एक-दूसरे को गले मिलकर बधाइयां दे रहे हैं। शेखावटी कर सलाहाकार संघ अध्यक्ष एडवोकेट आलोक गोड़, महावीर इन्टरनेशनल के पुष्करदत्त जांगिड़, नवजीवन अस्पताल निदेशक रामगोपाल वर्मा, युवा पार्षद आनंद पुजारी, डॉ. रजनेश माथुर, डॉ. इस्माइल खान एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने बधाई प्रेषित की।

राज्य स्तरीय एडवेंचर शिविर से स्काउट गाइड दल लौटा

माई झुं. 1 जुलाई। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड द्वारा चलाये गये सात दिवसीय राज्य स्तरीय एडवेंचर शिविर में भाग लेकर झुंझुनूं के स्काउट गाइड का दल लौट आया है। जानकारी के अनुसार यह शिविर झुंझुनूं एकेडमी के मदनसिंह एचरा के नेतृत्व में आबू पर्वत लगाया गया था। शिविर के दौरान स्काउट गाइड दल ने होर्स राइडिंग, बोटिंग, निशानेबाजी, रैशलिंग,क्लाइमिग, पहाड़ियों पर चढ़ना एवं उतरने जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। दल ने उत्साहपूर्वक यह प्रशिक्षण ग्रहण किया। शिविर में असद चौधरी, प्रविन्द्र, यश झिखाल, अनिश, दिव्यांशा भाम्बू, स्वाति एचरा, मनस्वी शामिल थे, जिन्होंने जिले का प्रतिनिधित्व किया। झुंझुनूं पहुचने पर जीवेम् चेयरमेन दिलीप मोदी, सीओ स्काउट मान महेन्द्र सिंह भाटी, नीरजा मोदी, डॉ. रवीन्द्रसिंह शेखावत, रविशंकर शर्मा आदि ने दल का मालायें पहनाकर स्वागत किया।

योग शिविर में विकंलाग बच्चें हुए शामिल

माई झुं. 28 जून। पतंजलि योग समिति एंव भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के द्वारा आदर्श बाल निकेतन स्कुल में नियमित रूप से चलाए जा रहे योग शिविर में रविवार प्रात: दो दर्जन विकंलाग बच्चों ने भी भाग लिया। शिविर की योग क्रियाओं से विकंलाग बच्चें बड़े प्रभावित हुए। सर्व शिक्षा अभियान अभियान द्वारा संचालित शिविर में भाग ले रहे विकंलाग बच्चों ने रविवार को योग एवं प्राणायाम शिविर में भाग लेकर अपनी विकंलागता दुर करने की कला सिखी। बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए प्रभारी पवन कुमार ने उन्हे बताया कि योग से शरीर तो स्वस्थ बनता ही है, ब्लकी मन भी स्वस्थ रहता है।

महिला योग शिक्षिका गीता नूनियां ने भी विकंलाग बच्चों को योग के बारे में बताया। कक्षा समापन पर शिविर में भाग लेने वाले सभी विकंलाग बच्चों के अल्पाहार की व्यवस्था समाजसेवी केशरदेव तुलस्यान के आर्थिक सहयोग से कि गई। नियमित योग कक्षा में मुख्य रूप से विजय कुमार तुलस्यान, पुरूषोत्तम खण्डेलिया, मोहनलाल पुरोहित, शिवचरण पुरोहित, अनिल बाक्याण, नीरज गोयल, सुरेश जांगिड़, बजरंगलाल सैनी, सांवरमल स्वामी, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, रामप्रताप कुमावत, हनुमान प्रसाद सहित गणमान्यजन भाग ले रहे है।

दादु द्वारा बगड़ में गुरू पूर्णिमा मनाई

माई झु.न्यूज। बगड़ स्थित दादूद्वारा में गुरू पूर्णिमा उत्सव उल्लास के साथ मनाते हुए विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। गुरू पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर प्रवचन भजन संगीत के कार्यक्रम में दादूद्वारा के महामण्डलेश्वर अर्जुनदास स्वामी महाराज ने गुरू महिमा के बारे में बताया। अर्जुनदास स्वामी महाराज श्री का महेश बसावतिया, गोपाल हलवाई, डॉ. एस एन शुक्ला, सुरेश पसारी सहित अन्यजन में स्वागत किया। भजन संगीत समारोह में मोहन स्वामी, गायत्री स्वामी व मुकेश पारीक के भजनों पर श्रोता भाव विभोर हो उठे।

आदर्श बाल निकेतन में चलाए जा रहे कम्प्यूटर कौशल शिविर का समापन

फोटो : रामनिवास सोनी

माई झुं. 1 जुलाई। शहर के आदर्श बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में चलाए जा रहे सर्व शिक्षा अभियान के तहत कम्प्यूटर कौशल शिविर का बुधवार को समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ओमप्रकाश मंगावा, सुरेश पंसारी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिविर प्रभारी राजेन्द्र सिंह भाटी ने की।

विशिष्ठ अतिथि गोपाल हलवाई, विमल ढ़ढारिया, सुनिल कुमार मोदी, केशरदेव तुलस्यान, महेन्द्र सिंह शेखावत थे। अतिथियों ने अपने सम्बोधन में कहा कि विकलांग बच्चों को शिविर में सीखें गए ज्ञान को अपने व्यावहारिक जीवन में उपयोग लेना चाहिए। समापन के दौरान शिविर में प्रशिक्षण ले रहें बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अतिथियों का मन जीत लिया। सर्व प्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप-प्रज्ज्वलित किया। भगतसिंह बुडानियां, जयप्रकाश जांगिड़ एवं जयप्रकाश लांबा ने अतिथियों का मालाएं पहनाकर स्वागत किया। समाशित शिक्षा प्रभारी बुड़ानिया ने जीवन कौशल अभियान की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

राजेन्द्र सिंह भाटी ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शिविर में भाग लेने वाले सभी 23 अस्थी विकलांग बालकों को संतोष कुमार झुंझुनूंवाला चैरिटेबल ट्रस्ट, लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट, सुरेश पंसारी एवं संदीप जगनानी तथा बालाजी टिम्बर ट्रेडिंग कम्पनी के आर्थिक सहयोग से स्टील बॉक्स, बैंग, पाठ्य साम्रगी आदि पुरस्कार स्वरूप दिए गए। कार्यक्रम में महेन्द्र सिंह जाखड़, जगदीश कुल्हरी, मुमताज अली पठान, गीलुराम मोदी, पुष्करलाल मिश्रा, प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कु मार शर्मा सहित गणमान्यजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिविर वार्डन श्रीराम सैनी ने किया।

आर्ट ऑफ लिविंग ने लगाया दिव्य समाज निर्माण शिविर

माई झु.न्यूज। चार दिवसीय दिव्य समाज निर्माण शिविर को आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा किया गया जिसमें प्रशिक्षक कार्तिक शाह, अमर मेहता व सुरेश आदि ने साधकों को जीवन जीने की कला के बारे में विस्तार से बताया कि इसे स्वयं किस प्रकार समझना चाहिए।

स्वयं द्वारा किये जाने से ही दुसरों को हम सही बता पाते हैं। समापन के अवसर पर सभी सम्भागियों ने बन्द लिफाफेमें आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता श्री श्री रविशंकरजी के नाम अपनी भावनाएं लिखके प्रेषित की। इस अवसर पर सीए पवन केडिया, अनूप गाडिया, सुमिम क्यामसरिया, वर्षा तुलस्यान, रूपेश तुलस्यान, मनीष अग्रवाल सहित अन्यजन उपस्थित थे।

झुनूं इंटरनेशनल स्कूल में प्रतिभाओं का सम्मान

माई झुं. 8 जुलाई। मोदी रोड़ स्थित जीवेम् समूह की शाखा झुंझुनूं इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को प्रार्थनासभा में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनिय सफलता प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। विद्यालय का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा जिसमें 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाली प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया गया। छात्रा योगिता स्वामी ने 91.50 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान पर रही और अपने परिश्रम की श्रेष्ठता सिद्ध की। कार्यक्रम विजेन्द्र सैनी, निधि गुप्ता, प्रदीप कुमार, फवाज, अभिषेक पूनिया व रवि चौधरी सहित प्रतिभाएं उपस्थित थी। इस अवसर पर छात्रा योगिता के पिता प्रताम स्वामी ने विद्यार्थियों को उत्साहित करते हुए कहा कि गुरू बिना ज्ञान अधूरा है। गुरूजन ही योजनाबद्ध तरीके से शिक्षा उपलब्ध करवाते हैं। चैयरमैन दिलीप मोदी ने कहा कि कड़ी लगन एवं सतत् परिश्रम अच्छे परिणाम दिलवाते हैं। प्रबंध निदेशिका नीरजा मोदी, प्रधानाचार्य सुनीता मिश्रा, सोमेश भारद्वाज आदि ने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन आशा दड़िया ने किया।

केड में स्कूली बच्चों को बांटी ड्रेस व स्टेशनरी

माई झुं, न्यूज। जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल ड्रेस एवं स्टेशनरी वितरण समारोह केड में राजकीय माध्यमिक विद्यालय में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि प्रवासी उद्योगपति पुष्करलाल केडिया, विशिष्ट अतिथि जगदीश पूनिया ने करीब डेढ लाख की राशि स्कूल में पढ़ रहे 450 विद्यार्थियों को स्टेशनरी सामग्री, विद्यालय शुल्क एवं स्कूल पोशाक के रूप में केडिया सभा ट्रस्ट शक्तिकेड की ओर से बांटी।

लोक अदालतों में निपटे छह सौ से अधिक राजस्व मुकदमें

झुंझुनू, 15 जुलाई: खेतड़ी के उपखण्ड अधिकारी डॉ. भागचन्द बधाल ने विगत सात माह के दौरान अपने न्यायालय में विचाराधीन 340 राजस्व मुकदमों का निस्तारण लोक अदालतों के माध्यम से कर एक अनुकरणीय पहल की है।

इनमें अधिकांश प्रकरण खातेदारी अधिकार, खेतों के बंटवारे, नामान्तरण खुलवाने व खातों में नाम दुरूस्त कराने से सम्बन्धित है। डॉ. बधाल गत 7 जनवरी 09 से खेतड़ी में एस.डी.एम. के पद पर पदस्थापित हैं। इससे पहले वे झुंझुनू जिला मुख्यालय पर इसी पद पर कार्यरत थे। उन्होंने झुंझुनू के अपने कार्यकाल में भी तीन सौ से अधिक राजस्व दावों का निस्तारण लोक अदालतों के माध्यम से किया था। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में सम्बन्धित सभी पक्षकारों की सहमति बनने के बाद ही किसी मामले को निस्तारण की स्थिति तक लाया जाता है। लोक अदालत के जरिये न केवल पक्षकारों को अपने मुकदमों से त्वरित राहत मिलती है अपितु उनके समय और धन की बचत भी होती है। डॉ. बधाल ने लोक अदालत की अवधारणा को शीघ्र एवं सस्ते न्याय के रूप में रेखांकित किया है, साथ ही कहा है कि इससे सामाजिक समरसता भी कायम रहती है।

रामादेवी कॉलेज को एमबीए की मान्यता

माई झुं. 9 जुलाई। निकटवर्ती नूआं के हरनाथपुरा गांव में स्थित रामादेवी महिला महाविद्यालय को एमबीए की मान्यता मिल गई है। जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् नई दिल्ली ने रामादेवी महिला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टैक्नोलोजी को एमबीए कोर्स करवाने की अनुमति प्रदान कर दी है।

मनोविज्ञान परीक्षा में जेबी शाह गर्ल्स कॉलेज का श्रेष्ठ परिणाम

माई झुं.14 जुलाई। मंडावा रोड़ स्थित जेबी शाह गर्ल्स पीजी कॉलेज में राजस्थान विश्वविद्यालय की एमए मनोविज्ञान की छात्राओं ने श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम अर्जित किया है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा छात्राओं को बधाई दी गई। एम.ए.पूर्वार्द्ध में छात्रा रीना शर्मा सत्तर प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉपर रही। छात्रा बीना शर्मा, पूनम, रैना, वसुंधरा ने साठ प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं एम.ए.उत्तरार्द्ध में रितु सोमरा ने छियासठ प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य मधुलिका सक्सेना ने मनोविज्ञान का सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम रहने पर टॉपर छात्राओं को मिठाई खिलाकर तथा तिलकार्चन कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नवागंतुक छात्राओं को कैरियर एवं अध्ययन सम्बंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की गई।

अभिभाषक संघ की कार्यकारिणी एवं संघर्ष समिति की बैठक

माई झुं.13 जुलाई। अभिभाषक संघ की कार्यकारिणी एवं संघर्ष समिति की सोमवार को बैठक हुई। बैंठक में सर्वसम्मती से कई प्रस्ताव पास किए गए। जिनमें जिला मुख्यालय से न्यायालयों को अन्यत्र जगह ट्रांसफर, कैम्प कोर्ट, नवलगढ़ क्षेत्र में भेजे गए अपर जिला न्यायाधीश फास्ट ट्रेक-3 को वापस जिला मुख्यालय पर पूर्णकालिन कोर्ट के रूप में स्थापित करने तथा जिला मुख्यालय पर ही एमएसीटी कोर्ट स्थापित करने, राजस्व अपील प्राधिकारी स्थाई, एसीएम कोर्ट खोलने आदि की मांगे रखी गई हैं। बैठक में अभिभाषक संघ अध्यक्ष जहिर मोहम्मद फारूकी, भगवानसिंह शेखावत, उम्मेदराज सैनी, सतीश कुलहरी, महेश शर्मा, बिरजुसिंह, मुश्ताक खां उपस्थित थे।

नरेगा में तीन करोड़ रूपये के 58 कार्य स्वीकृत

झुंझुनू, 10 जुलाई: जिला कलेक्टर आलोक गुप्ता ने जिले के अलसीसर, खेतड़ी, बुहाना, चिड़ावा, नवलगढ़ व झुंझुनू पंचायत समिति क्षेत्रों में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (नरेगा) के तहत 3 करोड़ 02 लाख 66 हजार रूपये की लागत के 58 कार्य स्वीकृत किये हैं।

जिला परिषद के सी.ई.ओ. डॉ. गौतम मुखर्जी ने बताया कि अलसीसर क्षेत्र की गोखरी, निराधनू, ढीलसर, कांट, बिरमी, लूणा, झटावा खुर्द, टमकोर, बाजला, कोलिण्डा, टांई, अलसीसर व ककड़ेऊ कलां पंचायतों में 88 लाख 72 हजार रूपये के 18 कार्य, खेतड़ी क्षेत्र की नांगलिया गुजरवास, जसरापुर, बसई, मेहाडा जाटूवास, ठाठवाड़ी, कालोटा, टीबा, त्योंदा व डाडा फतेहपुरा पंचायतों में 74 लाख 39 हजार रूपये के 14 कार्य, बुहाना क्षेत्र की बड़बर, भिर्र, रायपुर अहीरान, मुरादपुर, पचेरी कलां, डूमोली कलां, माकड़ो व उदामाण्डी पंचायतों में 62 लाख 39 हजार रूपये के 11 कार्य, चिड़ावा क्षेत्र की बजावा, ओजटू, सोलाना, किठाना, सारी, खुडाना, भामरवासी व नारी ग्राम पंचायतों में 46 लाख 53 हजार रूपये के 9 कार्य, नवलगढ़ क्षेत्र की सोटवारा व तोगड़ा कलां पंचायतों में 16 लाख 67 हजार रूपये के तीन कार्य तथा झुंझुनू क्षेत्र की नयासर पंचायत में 13 लाख 96 हजार रूपये के तीन कार्य मंजूर किये गये हैं। उन्होंने बताया कि इन कार्यों में टीला कटाई, रास्ता दुरूस्ती, जोहड़ व डिग्गी खुदाई, जोहड़ों के पायतनों की दुरूस्ती, ग्रेवल व डबल्यू. बी.एम. सड़क निर्माण, समतलीकरण, पाल बंधाई, एनीकट छंटाई व सफाई, कच्चा बांध बनाने, मेड़बन्दी, पक्का तालाब निर्माण आदि कार्य शामिल है।

फोटो : रामनिवास सोनी

श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय चुड़ेला द्वारा चूरू में आयोजित सेमीनार में मंचस्थ अतिथिगण एवं उपस्थित सम्भागी। फोटो-रामनिवास सोनी

लायन्स क्लब झुंझुनूं सिटी ग्रेटर का पदस्थापन एवं शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

माई झुं.10 जुलाई। जिला पुस्तकालय भवन सभागार में आयोजित एक समारोह में लायन क्लब झुंझुनूं सिटी ग्रेटर का पदस्थापन एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें वरिष्ठ लायन सुरेश रोहिला में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण करवाई।

अध्यक्ष लायन मो. शफी टाक, सचिव लायन पूर्ण सिंह सैनी एवं कोषाध्यक्ष लायन सुलेमान खान सहित सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने शपथ ग्रहण के बाद चालू वर्ष में लायन गतिविधियों को विस्तार देने तथा लायन कार्यो को समर्पित भाव से किए जाने का संकल्प व्यक्त किया।

घनश्यामदास सर्राफ ट्रस्ट का पचासवां सुनहरा वर्ष

माई झु.न्यूज। मुम्बई की सुप्रसिद्ध संस्था घनश्यामदास सर्राफ ट्रस्ट ने समाज कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए अपने पचास वर्ष के सुनहरे सफर को पूरा कर लिया है। पिछले पांच दशकों की यात्रा में इस संस्था ने समाज के जरूरमंद नागरिकों के लिए जो कल्याणकारी कार्य किए हैं, वे इतिहास के पन्नों पर स्वर्णाक्षरों में लिखें जायेंगे। हाल ही में ट्रस्ट के संस्थापक एवं प्रबंध न्यासी महावीरप्रसाद घ. सराफ ने तर्पण 50 नामक स्मारिका का विमाचन किया है जिसमें संस्था द्वारा पचास वर्ष में किए प्रमुख कार्यों की झांकी प्रस्तुत की गयी है।

गौरतलब है कि समाजसेवी व उद्योगपति सराफ ने समाज सेवा हेतु 1959 में घनश्यामदास सराफ ट्रस्ट की स्थापना की थी तब से अब तक उन्होंने इस ट्रस्ट के माध्यम से सैंकड़ों लोक कल्याणकारी कार्य कर एक इतिहास रच दिया है। 75 वर्षीय सराफ के इस पडाव पर पहुंचने के बाद आज भी उतनी ही लगन, कर्मठता व निष्ठा से सामाजिक कार्यों में लीन हैं जितना वह 1959 में ट्रस्ट की स्थापना करते समय थे, उन्होंने समाज के हर क्षेत्र धार्मिक, सामाजिक, शैक्षिक, कला साहित्य संस्कृति, पत्रकारिता, स्वास्थ्य, खेल, मनोरंजन, नारी उत्थान, बाल विकास, विकलांग पुनर्वसन, नेत्रहीनों, गुंगा, बहरों आदि के कल्याणार्थ जो कार्य किए हैं, उन्हें मुम्बई वासी कभी नहीं भुला पायेंगे। उन्होंने समाजसेवा के कार्य को और अधिक गति प्रदान करने के लिए दुर्गादेवी सराफ ट्रस्ट, महावीरप्रसाद सराफ ट्रस्ट, किरणदेवी सराफ ट्रस्ट, सुपरटेक्स फाउंडेशन नामक ट्रस्टों की स्थापना की है। पिछले पचास वर्षों से समाजसेवा का परचम लहराने वाले सराफ धर्म, जाति व प्रांत के भेदभाव के बिना तनमयता से सक्रिय हैं और गरीब व जरूरमंदों को हर प्रकार से सहायता कर रहे हैं। सराफ ने लोक कल्याणकारी कार्यों के तहत सर्वप्रथम श्री हनुमानजी मंदिर की स्थापना की। तत्पश्चात सराफ मातृ मदिर धर्मशाला, थके हारे लोगों को बैठने के लिए सार्वजनिक स्थानों, उद्यानों, खेल के मैदानों, समुद्र तटों, रेलवे स्टेशनों, पुलिस स्टेशनों, पुलिस चौकियों, आरटीओं एवं महानगरपालिका कार्यालयों, स्कूल कॉलेजों विश्वविद्यालय परिसरों, मंदिर मस्जिद चर्च गुरूद्वारों के प्रांगणों, अस्पतालों, कोरोनर्स कोर्टों, पुनर्वास केन्द्रों, खेल संकुलों, स्वीमिंग पुलों, श्मशानों, फूटपाथों आदि पर अब तक 16335 से अधिक आरसीसी बेंचें स्थापित कर चुके हैं और यह कार्य निरन्तर जारी है। इस योगदान को लिमका बुक ऑफ रिकार्ड में तीन बार दर्ज किया जा चुका है। रेल यात्रियों की प्यास बुझाने के लिए उन्होंनें शहर के रेलवे स्टेशनों पर 98 प्याऊ का निर्माण कराया है जिसे लिमका बुक ऑफ रिकार्ड में सर्वाधिक प्याऊ बनाने के लिए दर्ज किया गया है।

स्वास्थ्य सुधार व चिकित्सा सेवाओं के लिए नानावाटी अस्पताल में 10000 वर्ग फिट में फैला दुर्गादेवी सराफ ओपीडी तथा प्रसूति वार्ड, वी. एन.देसाई अस्पताल में बर्न्स वार्ड, आई ओपीडी वार्ड और विविध अस्पतालों व चिकित्सकीय संस्थाओं को उन्होंने 19 एम्बुलेंस का दान किया है, इसी प्रकार नारी शिक्षा व उनके उत्थान हेतु घनश्यामदास सराफ गर्ल्स कॉलेज एवं दुर्गादेवी सराफ जूनियर कॉलेज, सिलाई मशीनों, सिलाई कक्षाओं, बालिका अनाथालय का जिर्णोद्धार, 5 सामाजिक सभागृहों, 6 सार्वजनिक शौचालयों, क्लास रूम्स, कम्प्युटर केंन्द्रों, थेरेपी सेंटर, वृद्धा आश्रमों में कक्षों, पब्लिक लाइब्रेरी, व्यायाम केन्द्रों, लर्निंग सेंटर, किरण देवी सराफ इंस्टीट्यूट, किरणदेवी सराफ सेंटर आफ एक्सेलेंस, बोरवेलों, बालवाडियों, बाल मंदिर की स्थापना की तथा विद्यार्थियों को स्कूली वस्तुएं वितरित कीं। इसके अलावा मुफ्त नेत्र शिविर प्रायोजित कर चश्मों का वितरण किया। इन कल्याणकारी कार्यों के उपलक्ष्य में सराफ को महामहिम राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, केन्द्रीय मंत्री, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, लायंस इंटरनेशनल सहित कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने सम्मानित किया है।